# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**LEGISLATIVE ASSEMBLY**
**National Capital Territory of Delhi**

## प्रश्नों की सूची
## LIST OF QUESTIONS

बुधवार, 26 मार्च, 2025 / 05 चैत्र 1947 (शक)

Wednesday, the 26th March 2025 / 05 Chaitra, 1947 (Saka)

**तारांकित प्रश्न : 21 - 40**

**अतारांकित प्रश्न : 67 - 130**

Starred Questions : 21 - 40

Unstarred Questions : 67 - 130

# विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## मौखिक उत्तरों के लिए प्रश्नों की सूची

बुधवार, 26 मार्च, 2025 / 05 चैत्र 1947 (शक)

**कुल प्रश्न : 20**

21. श्री राज करन खत्री — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितनी अनाधिकृत व अधिकृत कालोनियां हैं, संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं;

ख) पिछले 5 वर्षों में अधिकतर कालोनियों में विकास कार्य नहीं होने के क्या कारण हैं; और

ग) अनाधिकृत कालोनियों में विकास कार्य करने वाले विभागों के पास उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र की कितनी योजनाएं लंबित हैं तथा ये कब तक शुरू की जाएगी?

22. श्री अजय महावर — आबकारी

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) घोंडा विधानसभा में 2015 से 2025 तक कितने नये शराब के ठेके खोले गये हैं, उसमें कितने सरकारी, गैर सरकारी और प्राईवेट ठेके हैं;

ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में नेशनल हाईवे व स्टेट हाईवे पर क्या रिहायशी इलाकों में शराब के ठेके खोले जा सकते हैं;



# LEGISLATIVE ASSEMBLY

## National Capital Territory of Delhi

## List of Questions for ORAL ANSWERS

Wednesday, the 26th March 2025 / 05 Chaitra, 1947 (Saka)

**Total No. of Questions : 20**

**21. Shri Raj Karan Khatri — Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) How many unauthorised and authorised colonies are there under Narela assembly constituency, provide complete details;

b) Reasons for not carrying out development work in last 5 years in most of colonies; and

c) How many schemes are pending with the departments who are entrusted with the development work in unauthorized colonies and by when it will be started?

**22. Shri Ajay Mahawar — Excise**

Will the Hon'ble Chief Minister be pleased to state :

a) Number of govt., non government and private liquor shops were opened in Ghonda assembly constituency during the period 2015 to 2025;

b) Whether in Govt. of National Capital Territory Delhi liquor shops can be opened in residential areas on National or State Highway;

ग) यदि नहीं, तो, कितनी दूरी पर खोले जा सकते हैं और उसके क्या नियम हैं;

घ) क्या यह सत्य है कि नेशनल हाईवे से 500 मीटर के क्षेत्रफल में कोई शराब की दुकान आवंटित न करने के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 31.03.2017 के उल्लंघन में घोंडा विधानसभा में 6 ठेके खोले गये हैं; और

ड़) यदि हां, तो इन्हें कब तक बंद कर दिया जायेगा?

23. सुश्री आतिशी डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या कालकाजी विधानसभा में डूसिब के शौचालय हैं;

ख) यदि हां, तो कितने हैं, विस्तृत सूची प्रदान करें;

ग) इन शौचालयों का टेंडर कब किया गया तथा इनका वर्क अवार्ड कब किया गया;

घ) प्रतिदिन इन शौचालयों की कितनी बार सफाई होती है, शौचालयवार सूची मुहैया करवायें;

ड.) इन शौचालयों की सफाई के लिये किन–किन सामग्रियों का इस्तेमाल होता है, सूची मुहैया करवायें;

च) क्या शौचालयों के साफ–सफाई की निगरानी होती है;

छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

ज) यदि हां, तो इसकी निगरानी करने के लिए क्या तरीका अपनाया जाता है;

झ) क्या शौचालयों की साफ–सफाई के उपरांत उनकी निगरानी हेतु फोटो खींच कर अपलोड की जाती है;



c) If not, how far can it be opened, provide rule position ;

d) Whether it is a fact that in Ghonda assembly constituency, 06 liquor shops were opened in violation of Hon'ble Supreme Court's directions dated 31.03.2017 that no liquor shops can be opened within the radius of 500 mtr. on national highway ; and

e) If yes, by when these liquor shops will be closed?

**23. Ms. Atishi DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Whether there are DUSIB toilets in Kalkaji assembly constituency;

b) if yes, provide detailed list ;

c) When the tender was floated and work award placed for these toilets;

d) How many times these toilets are cleaned daily, provide toilet wise detail;

e) What products are used for cleaning of these toilets, provide list;

f) Whether the cleaning of these toilets are monitored;

g) If not, the reasons thereof;

h) If yes, what are the methods of monitoring ;

i) Whether photographs are uploaded for supervision after cleaning of these toilets;

ञ)　यदि हां, तो ये फोटो कहां अपलोड की जाती है; और

ट)　यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**24. श्री मुकेश कुमार अहलावत　　　　वित्त**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क)　दिल्ली सरकार के अस्पतालों में कितने 'डेटा एंट्री ऑपरेटरों' को ओपीडी/आईपीडी स्टाफ के रूप में नियुक्त किया गया है, विगत दस वर्षों के आँकड़े दें;

ख)　विगत दस वर्षों में उक्त डेटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतन के लिए आवंटित तथा खर्च किए गए बजट की जानकारी दें;

ग)　क्या वर्ष 2021 के बाद कोई ऐसी समयावधि भी रही है, जिसमें इन डेटा एंट्री ऑपरेटरों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया;

घ)　2021 के बाद से डेटा एंट्री ऑपरेटरों का वेतन जारी न किए जाने के लिए वित्त विभाग द्वारा क्या आपत्तियाँ/टिप्पणियाँ की गई हैं, वित्त विभाग के प्रधान सचिव, सचिव तथा विशेष सचिव की टिप्पणियों से अवगत कराएँ;

ङ)　इस मुद्दे पर तत्कालीन वित्त मंत्री की टिप्पणी क्या थी;

च)　क्या मौजूदा वित्त वर्ष में डेटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतन हेतु राशि आवंटित की गई है; और

छ)　यदि हाँ, तो कितनी और यदि नही ंतो उसके क्या कारण हैं?



j)　If yes, where these photographs are uploaded; and

k)　If not, reasons thereof?

**24. Shri Mukesh Kumar Ahlawat　　　　Finance**

Will the Hon'ble Chief Minister be pleased to state :

a)　How many Data Entry Operators (DEO) have been employed as OPD/IPD staff in Delhi Govt. hospitals? Please provide details for the last 10 years;

b)　Please provide detail of budget allocated and spent for the salary of these DEOs for the last 10 years;

c)　Was there any period when salaries were not paid to these DEOs from 2021 onwards;

d)　What objections/observations have been raised by the Finance Department for not releasing payment of salaries for DEOs from 2021 onwards, provide the observations of the Pr. Secretary, Secretary, Special Secretary of the Finance Department;

e)　What were the observations of the then Finance Minister on the same issue;

f)　Have funds been allocated for the salaries of DEOs in the current financial year; and

g)　If yes, please provide the amount and if not, reasons thereof?

25. श्री अशोक गोयल डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पिछले एक वर्ष में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शौचालयों के रखरखाव व साफ–सफाई की शिकायतों पर कितने ठेकेदारों पर क्या–क्या कार्यवाही की गई एवं किस–किस तिथि पर हुई, उसका पूर्ण विवरण दें;

ख) माननीय शहरी विकास मंत्री द्वारा इस विषय में क्या–क्या निर्देश जारी किये गए और उन निर्देशों पर क्या–क्या कार्यवाही हुई, पूर्ण विवरण दें;

ग) यदि कार्यवाही नहीं हुई तो दोषी अफसरों के नाम व पद का विवरण दें; और

घ) क्या डूसिब की जमीनों व एसेट्स के विषय में कोई ऑडिट के निर्देश मिले हैं, पूरी कार्यवाही का विवरण दे?

26. श्री गजेन्द्र दराल शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मुंडका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितनी अनाधिकृत कालोनियां हैं, पूर्ण विवरण दें;

ख) पिछले पांच वर्षों में अधिकतर कालोनियों में विकास कार्य नहीं होने के क्या कारण हैं; और

ग) विकास कार्य करने वाले विभागो के पास मुंडका विधानसभा की कितनी योजनाएं लंबित हैं तथा ये कब तक शुरू हो जाएगी?



**25. Shri Ashok Goyal DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Please provide date wise details of last one year regarding action against the Contractors taken on complaints on cleanliness and maintenance of toilets in Model Town assembly constituency;

b) Detail of directions issued by the Hon'ble Minister of Urban Development in the matter and action taken on the same;

c) If no action has been taken, provide the names and designation of erring officers; and

d) Whether any directions have been received for audit of lands and assets of DUSIB, complete details thereof?

**26. Shri Gajender Drall Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Number of unauthorised colonies under Mundka assembly constituency, provide complete detail;

b) Reasons for not carrying out development work in last 5 years in most of colonies; and

c) How many schemes are pending with the departments entrusted with the development work in Mundka assembly constituency and by when it will be started?

**27. श्री विरेन्द्र सिंह कादियान** **व्यापार एवं कर**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) इस समय दिल्ली में कितने GSTINs पंजीकृत हैं;

ख) दिल्ली में कितने फर्जी GSTINs चिह्नित किए गए हैं, वर्ष 2017 से बाद के आँकड़े दें;

ग) फर्जी GSTINs को चिह्नित करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये है; और

घ) 20 फरवरी 2025 के बाद से व्यापारियों को 'ट्रेड लाइसेंस' जारी करने व उनके नवीकरण करने तथा लालफीताशाही के कारण होने वाली रुकावटों और विलंब को दूर करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

**28. श्री प्रेम चौहान** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में कुल कितनी अनाधिकृत कॉलोनियाँ हैं,

ख) विगत दस वर्षों में अनाधिकृत कॉलोनियों में कितने किलोमीटर गलियों का निर्माण किया गया;

ग) विगत दस वर्षों में अनाधिकृत कॉलोनियों में कितने किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया; और

घ) विगत दस वर्षों में अनाधिकृत कॉलोनियों में कितने किलोमीटर सीवर लाइनें डाली गईं?



**27. Shri Virender Singh Kadian** **Trade & Taxes**

Will the Hon'ble Chief Minister be pleased to state:

a) As on date, how many GSTINs have been registered in Delhi ;

b) How many fake GSTINs have been identified in Delhi, provide data since 2017;

c) What steps has the Government taken to identify fake GSTINs; and

d) What steps have been taken to reduce delays and bureaucratic hurdles in issuing and renewing trade licenses for businesses since 20.02.2025?

**28. Shri Prem Chauhan** **Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to

state:

a) How many unauthorised colonies exists in Delhi;

b) How many Kms. streets have been constructed in unauthorized colonies in Delhi over the last 10 years ;

c) How many Kms. roads have been constructed in unauthorized colonies in Delhi over the last 10 years ; and

d) How many Kms. sewer lines have been laid in unauthorized colonies in Delhi over the last 10 years?

29. श्री प्रवेश रतन डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या पटेल नगर विधानसभा में डूसिब के शौचालय हैं;

ख) यदि हां, तो कितने हैं, विस्तृत सूची प्रदान करें;

ग) इन शौचालयों का टेंडर कब किया गया तथा इनका वर्क अवार्ड कब किया गया;

घ) प्रतिदिन इन शौचालयों की कितनी बार सफाई होती है, शौचालयों वार सूची मुहैया करवाएं;

ङ) इन शौचालयों की सफाई के लिए किन–किन सामग्रियों का इस्तेमाल होता है, सूची मुहैया करवाएं;

च) क्या शौचालयों की साफ–सफाई की निगरानी होती है;

छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

ज) यदि हां, तो इसकी निगरानी करने के लिए क्या–क्या तरीका अपनाया जाता है;

झ) क्या शौचालयों की साफ–सफाई के उपरांत उनकी निगरानी हेतु फोटो खींचकर अपलोड की जाती है;

ञ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

ट) यदि हां, तो ये फोटो कहां अपलोड की जाती हैं?

30. श्री हरीश खुराना वित्त

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विगत पाँच वर्षों के बजट अनुमान, संशोधित अनुमान तथा वास्तविक व्यय का विवरण उपलब्ध कराएँ;



**29. Shri Pravesh Ratn DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Whether there are DUSIB toilets in Patel Nagar assembly constituency;

b) if yes, detailed list;

c) When the tender was floated and work award placed for these toilets;

d) How many times these toilets are cleaned daily, provide toilet wise detail;

e) What products are used for cleaning of these toilets, provide list;

f) Whether the cleaning of these toilets are monitored;

g) If not, the reasons thereof ;

h) If yes, what are the methods of monitoring;

i) Whether photographs are uploaded for supervision after cleaning of these toilets;

j) If not, reasons thereof; and

k) If yes, where these photographs are uploaded?

**30. Shri Harish Khurana Finance**

Will the Hon'ble Chief Minister be pleased to state:

a) Details of budgetary estimate, Revised Estimate and Actual Expenditure of whole budget for the last five years;

ख) विगत पाँच वर्षों में, शिक्षा क्षेत्र के बजट अनुमान, संशोधित अनुमान तथा वास्तविक व्यय का विवरण उपलब्ध कराएँ; और

ग) विगत पाँच वर्षों में, स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट अनुमान, संशोधित अनुमान तथा वास्तविक व्यय का विवरण उपलब्ध कराएँ?

31. श्री संजीव झा — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिसंबर 2022 से पहले भलस्वा लैंडफिल साइट पर कितने मीट्रिक टन कूड़ा था;

ख) कितने मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन औसत अनुसार फेंका जा रहा था और कितने मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण प्रतिदिन नगर निगम के द्वारा किया जाता था;

ग) दिसंबर 2022 से पहले इस भलस्वा लैंडफिल साइट पर कितने क्षेत्रफल और कितनी उंचाई पर कूड़े के ढेर लगे हुए थे;

घ) क्या यह सत्य है कि दिसंबर 2022 के बाद दिल्ली सरकार और नगर निगम द्वारा इस कूड़े के पहाड़ को हटाने के लिए नई योजना बनाई गई;

ड़) यदि हां, तो उसका विवरण दीजिए; और

च) दिसंबर 2022 से जनवरी 2025 तक इस लैंडफिल साइट पर कितने मीट्रिक टन कूड़ा बचा हुआ था, कितने मीट्रिक टन कूडे का निस्तारण हो गया व अब रोजाना कितने मीट्रिक टन कूड़ा यहां फेका जा रहा है?



b) Please provide the details of budgetary estimate, Revised Estimate and Actual Expenditure of Education sector for the last five years; and

c) Please provide the details of budgetary estimate, Revised Estimate and Actual Expenditure of health sector for last five years?

**31. Shri Sanjeev Jha — Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) How much metric ton garbage was there at Bhalaswa landfill site prior to December,2022;

b) How much metric ton garbage was being dumped at an average daily and garbage was being disposed daily by the MCD;

c) Prior to December 2022, in how much area and at what height heaps of garbage were there at Bhalswa landfill site;

d) Whether it is a fact that after December,2022 the Delhi Govt and MCD had made new scheme to remove these heaps of garbage;

e) If yes provide detail thereof; and

f) How much metric ton garbage was left at Bhalaswa landfill site during the period December,2022 to January,2025, how much metric ton garbage was disposed and being dumped daily?

32. श्री अनिल झा शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पिछले 5 वर्षों में किराड़ी क्षेत्र के विकास के लिये कौन–कौन सी योजनायें लागू की गयी हैं, विस्तृत जानकारी दें;

ख) किराड़ी में बुनियादी ढांचे (सड़क, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज) को सुधारने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं;

ग) क्या सरकार ने किराड़ी में जल भराव और खराब सड़कों की समस्या को हल करने के लिये कोई विशेष योजना चलाई है;

घ) यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

ड.) शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में किराड़ी के लिये क्या योजनायें बनाई गयी हैं और अब तक उनका कितना क्रियान्वयन हुआ है; और

च) सरकार की कौन–कौन सी योजनायें किराड़ी क्षेत्र में पूरी तरह से सफल रहीं और किन योजनाओं को अब तक लागू नहीं किया जा सका, पूर्ण विवरण दें?

33. श्री सुरेन्द्र कुमार डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या गोकुलपुरी विधानसभा में डूसिब के शौचालय हैं;

ख) यदि हां, तो कितने हैं, इसकी विस्तृत सूची सौंपे;

ग) इन शौचालयों का टेंडर कब किया गया तथा इनका वर्क अवार्ड कब किया गया;



**32. Shri Anil Jha** **Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Details of schemes implemented for the development of Kirari assembly constituency during the last five years;

b) What steps have been taken to improve the infrastructure (Road, Water, drainage, street lights, sewage) in kirari assembly constituency'

c) Whether the government has started any special scheme to resolve the problem of water loging and dilapidated roads in Kirari assembly constituency;

d) If yes, what is the present status;

e) Detail of schemes for Kirari assembly constituency in the field of education and health facilities, how much of them have been implemented so far ; and

f) Which government schemes were completely successful in Kirari assembly constituency and which scheme could not be implemented till now; complete detail thereof?

**33. Shri Surendra Kumar** **DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Whether there are DUSIB toilets in Gokalpuri, assembly constituency;

b) if yes, provide detailed list;

c) When the tender was floated and work award placed for these toilets;

घ) प्रतिदिन इन शौचालयों की कितनी बार सफाई होती है, शौचालयों वार सूची मुहैया करवाएं;

ङ) इन शौचालयों की सफाई के लिए किन–किन सामग्रियों का इस्तेमाल होता है, सूची मुहैया करवाएं;

च) क्या शौचालयों की सफाई की निगरानी होती है;

छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

ज) यदि हां, तो इसकी निगरानी करने के लिए क्या–क्या तरीका अपनाया जाता है;

झ) क्या शौचालयों की साफ–सफाई के उपरांत उनकी निगरानी हेतु फोटो खींचकर अपलोड की जाती है;

ञ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

ट) यदि हां, तो ये फोटो कहां अपलोड की जाती हैं?

34. चौधरी जुबैर अहमद डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या सीलमपुर विधानसभा में डूसिब के शौचालय हैं;

ख) यदि हां, तो कितने हैं? इसकी विस्तृत सूची दें;

ग) इन शौचालयों का टेंडर कब किया गया, तथा इनका वर्क अवार्ड कब किया गया;

घ) प्रतिदिन इन शौचालयों की कितनी बार सफाई होती है, शौचालयों वार सूची मुहैया करवाएं;



d) How many times these toilets are cleaned daily, provide toilet wise detail;

e) What products are used for cleaning of these toilets, provide list;

f) Whether the cleaning of these toilets are monitored;

g) If not, the reasons thereof;

h) If yes, what are the methods of monitoring;

i) Whether photographs are uploaded for supervision after cleaning of these toilets;

j) If not, reasons thereof; and

k) If yes, where these photographs are uploaded?

**34. Chaudhary Zubair Ahmad DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Whether there are DUSIB toilets in Seelampur, assembly constituency;

b) If yes, provide detailed list;

c) When the tender was floated and work award placed for these toilets;

d) How many times these toilets are cleaned daily, provide toilet wise detail;

ङ) इन शौचालयों की सफाई के लिए किन–किन सामग्रियों का इस्तेमाल होता है, सूची मुहैया करवाएं;

च) क्या शौचालयों की सफाई की निगरानी होती है;

छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

ज) यदि हां, तो इसकी निगरानी करने के लिए क्या–क्या तरीका अपनाया जाता है;

झ) क्या शौचालयों की साफ–सफाई के उपरांत उनकी निगरानी हेतु फोटो खींचकर अपलोड की जाती है;

ञ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

ट) यदि हां, तो ये फोटो कहां अपलोड की जाती हैं?

35. श्री वीर सिंह धिंगान वित्त विभाग

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि वित्त विभाग, दिल्ली सरकार अपने बजट में दिल्ली के अनुसूचित जाति विभाग को भी कुछ धनराशि आवंटन करता है;

ख) यदि हां, तो वित्त विभाग अनुसूचित जाति विभाग को प्रति वर्ष कुल कितना बजट आवंटित करता है;

ग) क्या यह भी सत्य है अनुसूचित जाति विभाग को दिये कुल बजट की आय–व्यय का ब्यौरा भी प्रति वर्ष लिया जाता है; और

घ) यदि हां, तो पिछले 5 वर्षों में अनुसूचित जाति विभाग को कुल कितना (राशि) बजट दिया गया तथा प्रति वर्ष कुल कितना बजट अनुसूचित जाति पर खर्च किया गया?



e) What products are used for cleaning of these toilets, provide list;

f) Whether the cleaning of these toilets are monitored;

g) If not, the reasons thereof;

h) If yes, what are the methods of monitoring ;

i) Whether photographs is uploaded for supervision after cleaning of these toilets;

j) If not, reasons thereof; and

k) If yes, where these photographs are uploaded ?

**35. Shri Veer Singh Dhingan Finance**

Will the Hon'ble Chief Minister be pleased to state:

a) Whether it is true that the Finance Department of Govt. of NCT of Delhi also allocates some budget to the Department of Scheduled Caste in its budget;

b) If yes, how much budget Finance Department allocates to the Department of Scheduled Caste every year;

c) Is it also true that the detail of the income and expenditure of the total budget given to the department of Schedule Caste are also taken every year; and

d) If yes, how much budget was allocated and spent by the department in the last 5 years, provide year wise detail?

36. श्री कुलदीप सोलंकी डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) डूसिब के अनुसार दिल्ली में कितनी सूचीबद्ध / मान्यताप्राप्त झुग्गी बस्तियाँ हैं, सूची दें;

ख) डूसिब के अनुसार पालम विधानसभा क्षेत्र में स्थित झुग्गी बस्तियों की सूची प्रदान करें;

ग) पालम विधानसभा क्षेत्र में विगत पाँच वर्षों में झुग्गी बस्तियों में कितनी राशि खर्च की गई है, संबंधित दस्तावेजों सहित परियोजनाओं का विवरण दें, यदि कोई परियोजनाएँ इस समय जारी हैं, तो उनकी भी जानकारी दें; और

घ) पालम विधानसभा क्षेत्र झुग्गी बस्तियों के लिए आगामी वित्त वर्ष में कोई योजना प्रस्तावित है?

37. श्री अभय वर्मा आबकारी

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 1998, वर्ष 2003, वर्ष 2010, वर्ष 2020 तथा 2025 में शराब की कुल कितनी सरकारी और निजी अधिकृत दुकानें थीं;

ख) वित्त वर्ष 2021–2022, 2022–2023, 2023–2024 एवं 2024–2025 में दिल्ली सरकार को आबकारी कर और वैट (VAT) के रूप में कुल कितना राजस्व की प्राप्ति हुई;

ग) उपरोक्त वर्षों में वर्षानुसार कितने करोड़ लीटर शराब बेची गयी;



**36. Shri Kuldeep Solanki DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) How many listed/approved jhuggi clusters are there in Delhi as per DUSIB, provide complete list;

b) Provide the list of jhuggi clusters as per DUSIB in Palam assembly constituency;

c) How much fund is spent in jhuggi clusters of Palam assembly constituency in last five years? Details of the projects along with the relevant documents and also provide information about any ongoing project/development work in jhuggi clusters; and

d) Is there any plan for jhuggi clusters situated in Palam assembly constituency in the coming financial year?

**37. Shri Abhay Verma Excise**

Will the Hon'ble Chief Minister be pleased to state:

a) Detail of government and private authorized liquor shops were there in Laxmi Nagar assembly constituency in the year, 1998, 2003, 2010, 2020 and 2025;

b) Detail of revenue received by the Delhi Govt in the form of excise tax and VAT in the year 2021-22, 2022-23, 2023-24 and 2024-2025;

c) How many crore liters of liquer were sold during the above years, provide year wise data;

घ) क्या आवासीय कल्याण समितियों, क्षेत्रीय विधायकों एवं निगम पार्षदों के आपत्ति एवं विरोध के बावजूद उनके क्षेत्र में शराब की दुकानें खोली जा सकती हैं;

ङ) घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सरकारी शराब की दुकानें खुलने के क्या कारण है तथा उन दुकानों को स्थानांतरित करने या बंद करने के लिए क्या प्रावधान है; और

च) नयी शराब नीति 2022 के तहत सरकार को एक लीटर शराब की बिक्री पर कितना आबकारी कर और वैट मिलता था और वर्तमान की शराब नीति के तहत एक लीटर शराब की बिक्री पर सरकार को कितना आबकारी कर और वैट मिलता है?

38. श्री जरनैल सिंह निर्वाचन

क्या माननीय निर्वाचन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मौजूदा समय में दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल कितने वोटर हैं, विधानसभा वार विवरण दें;

ख) किसी के नाम को मतदाता सूचि से हटाने के लिए विभाग किस प्रक्रिया को अपनाता है, इसकी विस्तृत जानकारी दी जाये;

ग) 1 जून 2024 से लेकर अभी तक प्रति विधानसभा कुल कितनी वोटिंग काटी गयी है, सभी का विस्तृत विवरण दिया जाये;

घ) वोटर को उसके पते पर रहने के बावजूद भी बिना वजह या अन्य कारणों से वोट काटने से संबंधित विभाग को कितनी शिकायत मिली है, इसका भी विधानसभा वार विवरण दिया जाये;



d) Can liquor shops be opened in the area despite objections and opposition from the Residential Welfare Committees, area MLA and Municipal Councillors;

e) What are the reasons for opening government liquor shops in densely populated area and what are the provision for transferring or closing these shops; and

f) How much excise tax and VAT did the government used to get on the sale of one liter of liquor under the new liquor policy-2022 and how much does it get under the current liquor policy?

**38. Shri Jarnail Singh Election**

Will the Hon'ble Minister of Election be pleased to state:

a) How many voters are there in the 70 assembly constituencies in Delhi at present, provide assembly wise detail;

b) What is the procedure adopted by the department to delete the name from the voter list;

c) Details of votes deleted from 1 June,2024 to till date, provide assembly wise detail;

d) How many complaints have been received by the department regarding deletion of votes in spite of living at the same address or without any other valid reasons, provide assembly wise detail;

ड.) विभाग वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के लिए किन लोगों को काम पर लगाता है व उन्हें इसके बदले क्या तनख्वाह या भत्ता मिलता है, उसका विस्तृत विवरण दिया जाये;

च) क्या विभाग आंगनवाड़ी वर्कर्स की जगह किसी परमानेंट स्टाफ को इस कार्य में लगाने की योजना बना रहा है; और

छ) यदि हां, तो उसके बारे में जानकारी दी जाये?

39. श्री जितेन्द्र महाजन आबकारी

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वर्तमान में दिल्ली में कौन–सी शराब नीति लागू है, उस पॉलिसी की कॉपी प्रदान की जाए;

ख) शराब की दुकान खोलने के लिए किस–किस विभाग से अनुमति एवं एनओसी लेनी पड़ती है;

ग) क्या रिहाइशी इमारतों व घरों में शराब की दुकान खोलने की अनुमति दी जा सकती है;

घ) एक विधानसभा व एक वार्ड में अधिकतम कितने शराब के ठेके खोले जा सकते हैं;

ड़) एक मौहल्ले में 100 मीटर की दूरी के भीतर कितने शराब के ठेके खोले जा सकते हैं;

च) क्या शराब का ठेका खोलने के लिए स्थानीय विधायक की एनओसी आवश्यक होती है;

छ) यदि नहीं, तो यह एनओसी लेने की आवश्यकता कब से समाप्त की गई है;



e) Detail of the staff deployed to the work of verification of voter list and what salary or remuneration they get for the same;

f) Whether the department is planning to engage permanent employees instead of aanganwadi workers for this work ; and

g) If yes, details thereof?

**39. Shri Jitender Mahajan Excise**

Will the Hon'ble Chief Minister be pleased to state:

a) Which liquor policy is currently applicable in Delhi, provide copy of that policy;

b) Detail of the departments from which permission and NOC is required to open a liquor shop ;

c) Can permission be granted to open liquor shops in residential buildings or houses ;

d) Details of maximum liquor shops can be opened in one ward and one assembly constituency

e) How many liquor shops can be opened within a radius of 100 meters in a locality

f) Is the permission of the local MLA required to open the liquor shop;

g) If not, then when was the requirement of obtaining NOC discontinued;

ज) शराब के ठेके पर क्रेता की उम्र जानने के लिए क्या मानक या मापदंड निर्धारित किए गए हैं और विक्रेता इस संदर्भ में कौन–कौन सी जानकारी क्रेता से प्राप्त करता है;

झ) दिल्ली में कितनी जनसंख्या पर एक शराब के ठेके को खोलने का प्रावधान है;

ञ) एक विधानसभा या एक वार्ड में शराब का ठेका खोलने के लिए जनसंख्या का क्या अनुपात निर्धारित किया गया है;

ट) आबकारी कमेटी का गठन कौन करता है, इसके सदस्य कौन–कौन होते हैं और उनका कार्यकाल कितने समय का होता है; और

ठ) वर्तमान में कौन सी आबकारी कमेटी कार्यरत है इसमें कौन–कौन लोग शामिल हैं और इसका अध्यक्ष कौन है?

40. श्री सोम दत्त — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विगत दस वर्षों में दिल्ली में कितनी 'स्ट्रीट लाइटें' लगाई गईं हैं, वर्षवार विवरण दें;

ख) मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत बजट आवंटन का वर्षवार विवरण दें; और

ग) मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत खर्च किए गए बजट का वर्षवार विवरण दें?

**रंजीत सिंह**

**सचिव**



h) What is criteria set for knowing the age of the buyer at the liquor shop and what information does the seller obtain from the buyer in this regard;

i) In Delhi, on how much population there is a provision to open a liquor shop;

j) What is the proportion of population is fixed for opening a liquor shop in one ward and assembly;

k) Who forms the Excise Committee, details of members of the committee and their tenure ; and

l) Presently which Excise Committee is functional , provide detail of its members and Chairman ?

**40. Shri Som Dutt — Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) How many street lights have been installed in Delhi over the last 10 years , provide year wise detail;

b) Provide the year wise break up of budget allotted under "Mukhyamantri Street Light Yojana"; and

c) Please provide the year wise break up of budget utilized under "Mukhyamantri Street Light Yojana"?

**Ranjeet Singh**

**Secretary**

# विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## लिखित उत्तरों के लिए प्रश्नों की सूची

बुधवार, 26 मार्च, 2025 / 05 चैत्र 1947 (शक)

**कुल प्रश्न : 64**

67. श्री हरीश खुराना — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) विगत पाँच वर्षों में मोतीनगर विधानसभा क्षेत्र (एसी–25) के लिए एमएलए लैड निधि में आवंटित कुल राशि कितनी है;

ख) आज की तिथि में मोतीनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए एमएलए लैड निधि में शेष राशि कितनी है; और

ग) पिछले एक वर्ष में एमएलए लैड निधि से किए गए, (पूरे हो चुके अथवा चल रहे) कार्यों का विवरण तथा कार्यान्वयन एजेंसी का नाम बताएँ?

68. श्री विशेष रवि — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) करोलबाग विधानसभा क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण पर कार्रवाई हेतु दिल्ली नगर निगम को लिखित पत्र संख्या 128631 दिनांक 06/03/2025 पर क्या कार्रवाई की गई है;

ख) यदि नहीं की गई तो क्यों नहीं की गई तथा उसके लिए कौन–कौन से अधिकारी जिम्मेदार हैं; और

ग) उपर्युक्त संबंध में कार्रवाई तथा इस समस्या का समाधान कब तक होगा?



69. श्री विशेष रवि — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) सितम्बर 2024 के बाद से विधायक निधि के अंतर्गत शहरी विकास विभाग दिल्ली सरकार से ओपन जिम एवं झूले लगाने के लिए किन–किन विधानसभाओं से कितनी सैंक्शन्स आपके पास आई, कृपया पूर्ण विवरण दें;

ख) इन सभी सैंक्शन्स में से कितने स्थान पर ओपन जिम एवं झूले लगाए जा चुके हैं;

ग) अगर शहरी विकास विभाग द्वारा आई सैंक्शन्स पर काम नहीं हुआ है तो इसका कारण बताएं और जिम्मेदार अधिकारी का नाम बताएं; और

घ) उपरोक्त पूछे गए सभी ओपन जिम एवं झूले कब तक संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में लगा दिए जाएंगे, कृपया पूर्ण विवरण दें?

70. श्री विशेष रवि — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) करोलबाग विधानसभा क्षेत्र में 'पेड पार्किंग' तथा अनाधिकृत कब्जा हटाने के लिए कार्रवाई हेतु दिल्ली नगर निगम को लिखित पत्र संख्या 126916 दिनांक 01/07/2024 पर क्या कार्रवाई की गई है;

ख) यदि नहीं की गई तो क्यों नहीं की गई तथा उसके लिए कौन–कौन से अधिकारी जिम्मेदार हैं; और

ग) उपर्युक्त संबंध में कार्रवाई तथा इस समस्या का समाधान कब तक होगा?

71. श्री विशेष रवि शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) करोलबाग विधानसभा क्षेत्र में अवैध डेयरी फार्म व आवारों गायों के संबंध में कार्रवाई हेतु दिल्ली नगर निगम को लिखित पत्र संख्या 126717 दिनांक 20/05/2024 पर क्या कार्रवाई की गई है;

ख) यदि नहीं की गई तो क्यों नहीं की गई तथा इसके लिए कौन–कौन से अधिकारी जिम्मेदार हैं; और

ग) उपर्युक्त संबंध में कार्रवाई तथा इस समस्या का समाधान कब तक होगा?

72. श्री विशेष रवि शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) कृपया वार्ड संख्या नंबर– 82, 83, 84, 85, 86, 87, 88, 89, 90, 91, 139, 140 और 141 में दिल्ली नगर निगम के द्वारा शुल्क लेकर विज्ञापन के लिए लगाए सभी पोल, यूनिपोल अन्य सभी तरह के विज्ञापन माध्यम, लोकेशन और पूरे पते के साथ वार्ड अनुसार सूची प्रदान करें?

73. श्री मोहन सिंह बिष्ट शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विगत वर्षों से 2025 तक एमएलए लैड फंड को कुल कितनी बार बढ़ाया गया, उसका विवरण दें;

ख) क्या यह भी सत्य है कि अधिकतर जगहों पर एमएलए लैड फंड के सिवाय दूसरे फंड का उपयोग नहीं किया जा सकता;



ग) क्या उपरोक्त फंड को किसी दूसरे हेड में प्रयोग किया जा सकता है;

घ) यदि हां, तो कितना एवं यदि नही ंतो क्यों, विवरण दें; और

ङ) पिछले 10 वर्षों के दौरान मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में एमएलए लैड फंड के तहत कितनी धन राशि आवंटित की गई, कितने कार्य पारित किए गए तथा उपरोक्त फंड में कितनी धन राशि अब तक बकाया रही, पूर्ण विवरण दे?

74. श्री कुलवंत राणा शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि रिठाला विधानसभा क्षेत्र के रोहिणी सैक्टर–16 के जे–ब्लाक में 1984 के दंगों से प्रभावित लोगों को आवास दिये गए थे;

ख) यदि हां, तो इस योजना के तहत कुल कितने आवास के लिए भू–खंड लिये गये थे और कुल कितने लोगों को आवास आवंटित किए गए तथा आवंटन के बाद कितने आवास बच गए, जोकि लोगों को आवंटित नहीं हो पाए। आवास नंबर आदि के साथ सूची सहित विस्तृत जानकारी दी जाए;

ग) क्या यह भी सत्य है कि आवास लीज पर थे;

घ) यदि हां, तो क्या उन आवासों को फ्री होल्ड करने की सरकार की कोई योजना है; और

ड़) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

75. श्री कुलवंत राणा — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह भी सत्य है कि रिठाला विधानसभा क्षेत्र के रोहिणी सैक्टर–1 में सफाई कर्मचारियों के लिए आवास की कोई योजना बनाई गई थी;

ख) यदि हां, तो उसके तहत बनाए गए क्वाटरों की कुल संख्या कितनी थी और वो किन–किन लोगों को अलॉट कि गए थे;

ग) इन आवासीय परिसरों का निर्माण कब हुआ था, इनकी मियाद कितने वर्ष के लिए थी और अब तक उनकी कितनी मियाद हो चुकी है;

घ) क्या यह सत्य है कि इस कालोनी में एस.सी/एस.टी. वर्ग के लोग रहते हैं और यहां के सीवर जाम हैं, सड़कें टूटी हुई है, छतों एवं दीवारों पर पेड़ उगे हुए हैं;

ङ) यदि हां तो इन क्वाटरों की मरम्मत की जिम्मेदारी किसकी है और इसकी बदहाल स्थिति का जिम्मेदार कौन है;

च) क्या यह भी सत्य है कि इस कालोनी की बदहाल स्थिति के कारण यहां रहने वाले एससी/एसटी वर्ग के लोग नारकीय जीवन जीने को विवश हैं;

छ) क्या यह सत्य है कि इन क्वाटरों की स्थिति के सुधार के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनाई जा रही हैं; और

ज) यदि हां तो उसका प्रारूप क्या है, विस्तृत जानकारी दी जाए?



76. श्री अभय वर्मा — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2020–2021, 2021–2022, 2022–2023, 2023–2024 एवं 2024–2025 के दौरान लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में किन–किन कार्यो के लिए विधायक निधि से फंड आवंटित किये गये, विस्तृत सूची उपलब्ध करवायें;

ख) सातवीं विधानसभा कार्यकाल के दौरान पिछले पांच वर्षों में दिल्ली के 70 विधायकों को विकास कार्य के लिए विधायक निधि से कितने रुपये आवंटित किये गये, प्रत्येक विधायक अनुसार सूची दें; और

ग) शहरी विकास विभाग द्वारा विधायक निधि के अलावा और किन–किन विकास कार्यों के लिए अलग से फंड देने का प्रावधान है, विस्तृत जानकारी दें?

77. श्री संजीव झा — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बुराडी विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली नगर निगम द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कोई भी नया मकान या बिल्डिंग बनाने का क्या मापदंड है;

ख) पिछले 5 वर्षों के दौरान कितने अवैध मकान, दुकान, गोदाम और बिल्डिंग पर निगम द्वारा नोटिस जारी किए गए, वार्ड अनुसार विवरण दीजिए;

ग) नोटिस जारी करने के बाद इनमें से कितने मकान, दुकान, गोदाम और बिल्डिंग पर कार्यवाही की गई;

घ) कार्यवाही करने के बाद कितने मकान, दुकान, गोदाम अैर बिल्डिंग पर दोबारा कंस्ट्रक्शन कर लिया गया, कारण सहित विवरण दें;

ङ) क्या दोबारा कंस्ट्रक्शन होने के बाद पुनः कोई कार्रवाही की गई; और

च) यदि नहीं, तो क्या सरकार का संबंधित अफसरो पर कोई कार्यवाही करने का विचार है?

78. श्री संजीव झा — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या दिल्ली सरकार के द्वारा वर्ष 2024–25 की तुलना में मिलने वाले 15 करोड़ के एमएलए लैड बजट को 2025–26 में कम करने की योजना बनाई जा रही है;

ख) यदि हां, तो उसका विस्तृत विवरण उपलब्ध करवाएं;

ग) एमएलए लैड फंड में कटौती किए जाने के क्या कारण हैं;

घ) क्या यह सत्य है कि पिछले वर्ष 2024–25 में एमएलए लैड के अवार्ड हो चुके कामों का बजट वापिस ले लिया गया है;

ङ) यदि हां, तो उन कामों का विवरण दें; और

च) एमएलए लैड फंड के अंतर्गत विधायकों को 1993 से लेकर वर्तमान तक वित्तीय वर्ष के अनुसार कितना बजट उपलब्ध कराया गया है, पूर्ण विवरण दें?



79. श्री संजीव झा — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में अनाधिकृत कालोनियों में विधायक निधि कोष से स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना अभी भी लागू है;

ख) यदि हां, तो अनाधिकृत कालोनियों में एमएलए लैड फंड से लगने वाली स्ट्रीट लाइट किस विभाग के द्वारा लगाई जाएगी;

ग) क्या यह सत्य है कि अब इन कालोनियों में एमएलए लैड फंड से टाटा पावर के द्वारा पहले स्ट्रीट लाइट लगाई जाती थी जो अब उनके द्वारा नहीं लगाई जा रही है;

घ) यदि हां, तो उसका कारण स्पष्ट करें; और

ङ) क्या यह भी सत्य है कि दिल्ली नगर निगम द्वारा एमएलए लैड फंड से अनाधिकृत कालोनियों में स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई जा सकती है?

80. श्री संजय गोयल — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) सरकार द्वारा शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के लिए विभिन्न स्कीमों के तहत किन–किन विभागों को कितना फंड दिया गया है, पूर्ण विवरण दें; और

ख) अभी तक उस फंड का क्या इस्तेमाल किया गया, पूर्ण विवरण दें?

81\. सुश्री शिखा रॉय — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2019 से 2025 की अवधि में ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र में शहरी विकास विभाग द्वारा कौन—कौन से कार्य किए गए हैं;

ख) वर्तमान में ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र में शहरी विकास विभाग द्वारा निर्माणाधीन कार्यों का क्षेत्रवार विवरण क्या है;

ग) क्या वित वर्ष 2025—26 में शहरी विकास विभाग द्वारा क्या कोई योजना प्रस्तावित अथवा विचाराधीन है;

घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण दें; और

ङ) यदि नहीं, तो क्या भविष्य में सरकार की कोई योजना है?

82\. श्री जरनैल सिंह — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या एमसीडी के बायलॉज के अनुसार उसके अधिकार क्षेत्र में बने शॉपिंग मॉल और अस्पतालों के अंदर पार्किंग में भी वाहन खड़े करने पर पार्किंग शुल्क लेने का प्रावधान है;

ख) पश्चिमी दिल्ली में सुभाष नगर स्थित पैसिफिक मॉल में पार्किंग शुल्क की क्या स्थिति है;

ग) क्या यह सत्य है कि पहले यह शुल्क नहीं लिया जाता था और अब लिया जाता है;

घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

ङ) यदि हां, तो एमसीडी बिल्डिंग बायलॉज के विरूद्ध जाकर पैसिफिक मॉल को पार्किंग शुल्क लेने की अनुमति एमसीडी द्वारा दिए जाने के क्या कारण है, पूर्ण विवरण दें;



च) जिस भी कारण से एमसीडी ने पैसिफिक मॉल को पार्किंग शुल्क लेने की जनविरोधी अनुमति दी, क्या उस फैसले को जनता के भले के लिए और एमसीडी के बायलॉज के अनुसार वापस लेने के लिए समुचित कदम उठाए गए हैं;

छ) यदि हां, तो पूरा ब्यौरा दे; और

ज) एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी शॉपिंग माल और अस्पतालों में खड़े किए जाने वाले वाहनों से पार्किंग शुल्क लेने का क्या प्रावधान है, प्रत्येक शॉपिंग माल और अस्पताल के संदर्भ में अलग अलग पूर्ण विवरण दें?

83\. श्री जरनैल सिंह — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) 1 जनवरी, 2015 से लेकर अब तक दिल्ली नगर निगम में प्रत्येक जोन में कितने अवैध निर्माण हुए, उसका वर्ष अनुसार जानकारी दें;

ख) इन अवैध निर्माण में से कितनों को गिराया गया व कितनों को सील किया गया इसकी भी जोन अनुसार विस्तृत जानकारी दें;

ग) सील की गई संपत्तियों में से कितनी संपत्तियों को डी—सील किया गया व किस आधार पर किया उसकी भी जानकारी दें;

घ) उपरोक्त अवैध निर्माण में कितनों को आंशिक रूप से तोड़ा गया व कितनों को पूर्णता तोड़ा गया इसकी भी जानकारी दें;

ङ) जिन संपत्तियों पर सील व डिमोलिशन एक्शन हुआ उन्हें पुनः न बनाने देने की जिम्मेदारी किन अधिकारियों की होती है;

च) क्या सील की गई या डिमोलिशन की गई संपत्ति के पुनः निर्माण से संबंधित कोई शिकायत विभाग के पास आई;

छ) यदि हां, तो उन सभी शिकायतों का विवरण दें;

ज) क्या यह सत्य है कि डिमोलिश की हुई अवैध संपत्तियों पर पुनः निर्माण की जानकारी होने के बावजूद विभाग द्वारा इसे रोकने हेतू कोई कार्यवाही नहीं की गई; और

झ) अवैध संपत्तियों के पुनर्निर्माण के संबंध में विभाग द्वारा दोषी अधिकारियों पर अभी तक क्या कार्रवाई की गई, जोनवार जानकारी दें?

84. श्री जनरैल सिंह शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) विधायक निधि कोष से क्या–क्या कार्य करवाए जा सकते हैं व क्या–क्या कार्य नहीं करवाए जा सकते, इसका पूर्ण विवरण दिया जाए;

ख) क्या विधायक निधि कोष से सिक्योरिटी गेट्स, पार्कों में ओपन बैडमिंटन कोर्ट, सिक्योरिट गार्ड केबिन व फैंसी बोलार्ड लाइट्स लगाई जा सकती है;

ग) क्या पिछले 10 वर्षो में विधायक निधि कोष से यह कार्य करवाए गए हैं;

घ) यदि हां, तो उनका विवरण दिया जाए;

ङ) क्या पिछले कुछ समय में इन कार्यों को विधायक निधि कोष से करने के लिए विभाग द्वारा कोई पाबंदी लगाई गई है;

च) यदि हां, तो उनका विवरण और कारण बताया जाए;

छ) क्या विभाग आने वाले समय में लोगों की सुरक्षा व जनहित से जुड़े कार्यों को सूची में शामिल करने की कोई योजना बना रहा है; और

ज) यदि हां, तो उसकी जानकारी दी जाए?



85. श्री प्रेम चौहान शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में कितनी झुग्गी बस्तियाँ हैं;

ख) विगत दस वर्षों में झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में कितने किलोमीटर गलियों का निर्माण किया गया;

ग) विगत दस वर्षों में झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में कितने किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया; और

घ) विगत दस वर्षों में झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में कितने किलोमीटर सीवर लाइनें डाली गईं?

86. श्री इमरान हुसैन शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) विगत दस वर्षों में एमएलए लैड फंड के अंतर्गत कितनी बजट–राशि का आवंटन किया गया है;

ख) विगत दस वर्षों में एमएलए लैड फंड के अंतर्गत कितनी बजट–राशि वितरित की गई है, विधानसभा क्षेत्रवार विवरण दें; और

ग) एमएलए लैड फंड के अंतर्गत विगत दस वर्षों में किए गए कार्यों की सूची दें?

87. श्री कुलदीप कुमार शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या न्यू कोंडली में डीडीए द्वारा पुनर्वास कॉलोनी में प्लॉटों का आवंटन किया है;

ख) यदि हां, तो कब किया गया था और कितने प्लॉटों का आवंटन किया गया था, आवंटित प्लॉटों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं;

ग) क्या ऐसे भी प्लॉट हैं जिनका आवंटन अभी तक नहीं किया गया है;

घ) यदि हां, तो उसकी सूची उपलब्ध करांए;

ङ) क्या डीडीए के पास ऐसी कोई जानकारी है कि जिन प्लॉटों का आवंटन नहीं किया गया है उन पर अतिक्रमण कर भू–माफिया द्वारा कब्जा किया गया है; और

च) यदि हां, तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराए?

88. श्री अशोक गोयल — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या सरकार द्वारा मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में आवारा कुत्तों की समस्या के रोकथाम की कोई योजना बनायी गयी है;

ख) यदि हाँ, तो अब तक मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों से दिल्ली नगर निगम द्वारा कितने कुत्तों को उठवाया गया है;

ग) पिछले पांच वर्षों में पूरी दिल्ली में और विशेषकर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गायों की वजह से कितनी सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं एवं कितनी गायों को सड़कों से उठवाया गया है;

घ) सरकार की सड़कों पर घूमने वाली गायों के मुद्दे को लेकर क्या योजना है;

ड.) क्या इन गायों की सुरक्षा और देखभाल के लिये नगर निगम द्वारा गौशाला बनाने की भी कोई योजना है; और



च) उपरोक्त विषयों को लेकर अब तक कितने अधिकारियों पर कार्यवाही की गई पर और क्या–क्या कार्यवाही की गयी है ?

89. श्री विरेन्द्र सिंह कादियान — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विगत दस वर्षो में कितनी अनाधिकृत कॉलोनियों में पाईप से पानी कनेक्शन दिया गया है;

ख) इन कॉलोनियों का नाम व इस काम को आरंभ करने तथा पूरा होने की तिथि बताएँ;

ग) शेष रही जिन अनाधिकृत कॉलोनियों में पाईप से पानी देने का काम चल रहा है उनका नाम, काम आरंभ होने व काम पूरा होने की अनुमानित तिथि बताएँ;

घ) अनाधिकृत कॉलोनियों में वर्ष 2010 के बाद से अब तक, जितने घरों में पाईप से पानी का कनेक्शन हो गया है, उनकी वर्षवार संख्या बताएँ;

ङ) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में PM-UDAY योजना के अंतर्गत 1731 अनाधिकृत नियमित कॉलोनियाँ हैं, इनमें से कितनी कॉलोनियों में पानी का कनेक्शन नहीं हैं;

च) क्या इन कॉलोनियों में पाईप से पानी का कनेक्शन देने की कोई योजना है, यदि हाँ, तो विवरण दें और यदि नहीं तो क्यों; और

छ) माननीय मंत्री जी ने PM-UDAY योजना के अंतर्गत इन 1731 अनाधिकृत नियमित कॉलोनियों को पानी का कनेक्शन देने हेतु कितनी बैठकें की हैं, फरवरी 2025 के बाद की गई इन बैठकों के मिनिट्स उपलबध कराएँ?

90. श्री जितेन्द्र महाजन शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पिछले 10 वर्षों से शहरी विकास विभाग द्वारा विधायक निधि में कितना पैसा उपलब्ध कराया गया है;

ख) पिछले 10 वर्षों में जिन कार्यों के लिए बजट निर्धारित किया गया था लेकिन जिनका समापन स्थानीय विधायक से नहीं लिया गया उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए;

ग) जो कार्य अब तक पूरे नहीं हुए हैं उन पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई तथा ऐसे कार्यों में अगर कोई जांच की गई है तो उसकी जानकारी भी प्रदान की जाए;

घ) क्या विधायक द्वारा स्वीकृत कार्यों के लिए शहरी विकास विभाग द्वारा बजट उपलब्ध कराने के बाद इन कार्यों को रोकने/निरस्त करने का अधिकार दिल्ली नगर निगम/दिल्ली जल बोर्ड/फ्लड डिपार्टमेंट को है; और

ङ) क्या शहरी विकास विभाग द्वारा विधायक निधि में दिया गया पैसा कॉलोनी की फेंसिंग (चार दिवारी) करने या गेट लगवाने में इस्तेमाल किया जा सकता है?

91. श्री विरेन्द्र सिंह कादियान शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विगत दस वर्षों में कितनी अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवेज कनेक्शन दे दिया गया है;

ख) इन कॉलोनियों का नाम व सीवर के काम को आरंभ करने तथा पूरा होने की तिथि बताएँ;



ग) शेष रही जिन अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर का काम चल रहा है उनका नाम, काम आरंभ होने व काम पूरा होने की अनुमानित तिथि बताएँ;

घ) अनाधिकृत कॉलोनियों में वर्ष 2010 के बाद से अब तक, जितने घरों में सीवर का कनेक्शन हो गया है, उनकी वर्षवार संख्या बताएँ;

ङ) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में PM-UDAY योजना के अंतर्गत 1731 अनाधिकृत नियमित कॉलोनियाँ हैं, इनमें से कितनी कॉलोनियों में सीवर कनेक्शन नहीं हैं;

च) क्या इन कॉलोनियों में सीवर कनेक्शन देने की कोई योजना है, यदि हाँ, तो विवरण दें और यदि नही ंतो क्यों;

छ) माननीय मंत्री जी ने PM-UDAY योजना के अंतर्गत इन 1731 अनाधिकृत नियमित कॉलोनियों को सीवर कनेक्शन देने हेतु कितनी बैठकें की हैं, फरवरी 2025 के बाद की गई इन बैठकों के मिनिट्स उपलबध कराएँ?

92. श्री पवन शर्मा शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विगत दस वर्षों में उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए कितने प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया है व प्रशासनिक स्वीकृति एवं 'एक्सपेंडीचर' स्वीकृति दी गई है; और

ख) पिछले एक वर्ष में कितनी सड़कों के निर्माण, पुनर्निर्माण को स्वीकृति दी गई, कितनों पर काम चल रहा है और कितनी भविष्य के लिए प्रस्तावित हैं, सभी कार्यों की वर्तमान स्थिति बताएँ?

93. चौधरी जुबैर अहमद शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि एमसीडी की कई सड़कों पर ड्रेन नहीं हैं;

ख) यदि हाँ, तो ऐसी सड़कों की सूची मुहैया करवाएं;

ग) इन सड़कों पर बरसात या अन्य समय में बहने वाले पानी से सीवर जाम होने की समस्या से निपटने के लिए विभाग का एक्शन प्लान क्या है;

घ) क्या इस समस्या को दूर करने के लिए विभाग ने टाइमलाइन के साथ कोई योजना बनाई है; और

ङ) यदि हां, तो विस्तृत जानकारी मुहैया करवाएं?

94. श्री अरविन्दर सिंह लवली डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र के तहत डूसिब की कॉलोनी जैसे कि चंद्रपुरी, सोनिया कैंप, बिहारी बिल्डिंग, ताज कॉलोनी व जी–ब्लॉक की झुग्गियों आदि के विकास के लिए कोई योजना बनाई है;

ख) यदि हां, तो उसका विवरण दीजिये; और

ग) सरकार द्वारा डूसिब के तहत आने वाले शौचालयों की देखरेख व सुधार की क्या योजनायें बनाई गई हैं?

95. श्री वीर सिंह धिंगान डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के कुछ रिहायशी खाली प्लाट पड़े हुये हैं;



ख) यदि हां, तो सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र की किस–किस पुर्नवास कॉलोनी में कुल कितने–कितने प्लाट खाली पड़े हैं;

ग) क्या यह सत्य है कि सीमापुरी की नन्द नगरी पुर्नवास कॉलोनी में भी कुछ रिहायशी प्लाट खाली पड़े हैं;

घ) यदि हां, तो नन्द नगरी की पुर्नवास कॉलोनी के किस–किस ब्लॉक में, कुल कितने–कितने वर्ग मीटर के कुल कितने प्लाट खाली पड़े हैं;

ङ) क्या यह भी सत्य है कि सरकार इन प्लाटों को बेचना चाहती है;

च) यदि हां, तो कब तक; और

छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

96. श्री वीर सिंह धिंगान डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में डूसिब की कुछ ज़मीन खाली पड़ी है;

ख) यदि हां, तो क्षेत्र में कुल कितनी–कितनी वर्ग मीटर जमीन किस–किस स्थान पर खाली पड़ी है;

ग) क्या यह भी सत्य है कि सरकार ने खाली पड़ी जमीन की बाउंडरी वॉल कराई है ताकि इस पर अवैध कब्जे न हो सकें; और

घ) यदि हां, तो कहां–कहां कुल कितनी जमीन की बाउंडरी वाल कराई है?

97. श्री वीर सिंह धिंगान डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में डूसिब के शौचालय हैं;

ख) यदि हां, तो कितने हैं? इसकी विस्तृत सूची मुहैया करवायें;

ग) इन शौचालयों का टेंडर कब किया गया तथा इनका वर्क अवार्ड कब किया गया;

घ) प्रतिदिन इन शौचालयों की कितनी बार सफाई होती है, शौचालयों वार सूची मुहैया करवायें;

ङ) इन शौचालयों की सफाई के लिए किन–किन सामग्रियों का इस्तेमाल होता है, सूची मुहैया करवायें;

च) क्या शौचालयों की सफाई की निगरानी होती है;

छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

ज) यदि हां, तो इसकी निगरानी करने के लिए क्या–क्या तरीका अपनाया जाता है;

झ) क्या इन शौचालयों की साफ–सफाई के उपरांत उनकी निगरानी हेतु फोटो खींचकर अपलोड की जाती है;

ञ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

ट) यदि हां, तो ये फोटो कहां अपलोड की जाती हैं?

98. श्री अभय वर्मा डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के डिवीजन सी–09 में वर्ष 2020–2021, 2021–2022, 2022–2023, 2023–2024 और 2024–2025 में कौन–कौन से कार्य करवाये गये और उन कार्यों के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गयी एवं कितने कार्य अभी भी लंबित हैं, उन सभी कार्यों की सूची पूर्ण विवरण के साथ दें;

ख) उपरोक्त में से लंबित कार्य कब से शुरू किये जायेंगे और कब तक पूरा करने का लक्ष्य है;

ग) उपरोक्त कार्यों के निष्पादन के लिए कार्यरत अधिकारियों का विवरण उनके मोबाईल नम्बर सहित दें;

घ) क्या लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में रेलवे कॉलोनी, सब्जीमंडी झुग्गी मण्डावली, एसडीएम झुग्गी किशनकुंज और पीर मस्जिद झुग्गी रमेश पार्क को स्थानांतरित करने की दिल्ली सरकार की कोई योजना है;

ङ) यदि हां, यह योजना कब तक अमल में लाई जायेगी;

च) झुग्गी के बदले मकान योजना पूरी दिल्ली व लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में कब तक लागू की जायेगी;

छ) क्या मण्डावली के साकेत ब्लॉक और सेवा सदन को जोडने वाली सब्जी मंडी रोड पर स्थित 20 से 25 झुग्गियों को वहां से हटाने की सरकार की कोई योजना है;

ट) यदि हां, तो यह कार्य कब तक हो जाएगा; और

ठ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

99. श्री संजय गोयल डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में डूसिब की खाली पड़ी जमीनों का विवरण दें;

ख) उन खाली पड़ी जमीनों पर क्या सरकार की कोई प्रस्तावित है, योजना का विवरण दें;

ग) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में डूसिब की खाली जमीनों पर अतिक्रमण का विवरण दें;

घ) डूसिब की इन जमीनों पर किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है; और

ड़) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने सेल्टर क्षेत्र हैं तथा उनके कर्मचारियों का विस्तार से विवरण दे?

100. सुश्री शिखा रॉय — डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या सरकार के पास वर्ष 2020 से 2025 की अवधि में ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र में डूसिब द्वारा किए गए कार्यों का विवरण है;

ख) यदि हाँ, तो किये गये कार्यों की सूची उपलब्ध करायें;

ग) इन कार्यों पर कितनी धनराशि खर्च की गई है;

घ) क्या सरकार के पास उन गैर सरकारी संगठनों की रिपोर्ट है, जिन्हें बस्ती विकास केंद्र का कार्य आवंटित किया गया था; और

ङ) डूसिब के अंतर्गत आने वाले शौचालयों में सुधार की क्या योजना है?

101. श्री मुकेश कुमार अहलावत — डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या सुल्तानपुर माजरा विधानसभा क्षेत्र में डूसिब के शौचालय हैं;



ख) यदि हां, तो कितने हैं, इसकी विस्तृत सूची दें;

ग) इन शौचालयों का टेंडर कब किया गया, तथा इनका वर्क अवार्ड कब किया गया;

घ) प्रतिदिन इन शौचालयों की कितनी बार सफाई होती है, शौचालयवार सूची मुहैया करायें;

ड.) इन शौचालयों की सफाई के लिये किन–किन सामग्रियों का इस्तेमाल होता है; सूची मुहैया करायें;

च) क्या शौचालयों के साफ–सफाई की निगरानी होती है;

छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

ज) यदि हां, तो इसकी निगरानी करने के लिए क्या–क्या तरीका अपनाया जाता है;

झ) क्या शौचालयों की साफ–सफाई के उपरांत उनकी निगरानी हेतु फोटो खींच कर अपलोड की जाती है;

ञ) यदि हां, तो ये फोटो कहां अपलोड की जाती है; और

ट) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

102. श्री जरनैल सिंह — डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या विभाग द्वारा पार्किंग व शादी के शामियाने के लिए जगह ठेके पर दी जाती है;

ख) यदि हां, तो इन सभी साइट्स का नाम, स्थान, अलॉटमेंट का स्टेटस व ठेका किसको दिया गया, इन साइटों से कितना राजस्व आता है, पूर्ण विवरण दिया जाए;

ग) 2015 से लेकर अब तक किस साइट में प्रतिमाह के हिसाब से कितना किराया आना चाहिए था व अभी तक कितना आया व यह साइट कितने महीनों से खाली रही इसका भी विस्तृत विवरण दिया जाए;

घ) क्या यह सत्य है कि पार्किंग की साइट व शादी के शामियाने काफी समय तक खाली पड़े रहे जिनकी वजह से विभाग को राजस्व का नुकसान हुआ;

ङ) आज कुल कितनी जगह से किराया आ रहा है व कितनी जगह से किराया नहीं आ रहा है इसका भी विस्तृत विवरण दें;

च) टैंडर न होने व साइट के खाली पड़े रहने का प्रति साइट के हिसाब से कारण बतायें व इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी का विवरण दें;

छ) दिल्ली में कुल कितने सामुदायिक भवन व कितने बस्ती केंद्र हैं तथा इनमें से कितने आवंटित है व कितने खाली पड़े है, इसका भी विस्तृत विवरण दें;

ज) क्या सामुदायिक भवनों को भविष्य में आवंटित करने के लिए सरकार कोई योजना बना रही है; और

झ) यदि हां, तो उसकी जानकारी दी जाए?

103. श्री प्रेम चौहान — डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) देवली विधानसभा क्षेत्र में डूसिब के कितने शौचालय हैं तथा सीटों की कितनी संख्या है;

ख) उनके रख–रखाव का कार्य आखिरी बार कब हुआ था, विवरण दें;



ग) सभी शौचालयों के रखरखाव, पानी, सफाई जैसी सुविधा हेतु प्रत्येक शौचालय में कितने आदमी लगाये गए हैं अथवा किस कम्पनी को काम आवंटित किया गया है, सूची उपलब्ध करायें;

घ) देवली विधानसभा में कितने शौचालय हैं जो कि पूर्ण रूप से बंद कर दिए गए और कितने तोड़ दिए गए, विवरण दें; और

ङ) जहां–जहां शौचालय तोड़े गए या बंद किये गए उन जगहों का विवरण दें?

104. श्री सही राम — डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र में डूसिब के अंतर्गत कितने शौचालय हैं तथा इनमें सीटों की संख्या कितनी है;

ख) क्या इन शौचालयों की देखभाल खुद डूसिब करती है या फिर किसी अन्य एजेंसी द्वारा की जाती है;

ग) इन सभी शौचालयों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार एजेंसी की सूची प्रदान करें;

घ) क्या इन सभी शौचालयों में (पोर्टाकेबिन, एमटीवी) के रखरखाव के लिए कर्मचारी कार्यरत हैं; और

ङ) यदि हां, तो प्रत्येक शौचालय में कितने–कितने कर्मचारी कार्यरत हैं, और इसकी सूची सहित पूर्ण विवरण दें?

105. श्री इमरान हुसैन — डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या बल्लीमारन विधानसभा क्षेत्र में डूसिब के शौचालय हैं;

ख) यदि हां, तो कितने हैं, इसकी विस्तृत सूची उपलब्ध करायें;

ग) इन शौचालयों का टेंडर कब किया गया तथा इनका वर्क अवार्ड कब किया गया;

घ) प्रतिदिन इन शौचालयों की कितनी बार सफाई होती है, शौचालयवार सूची मुहैया करवाए;

ङ) इन शौचालयों की सफाई के लिए किन किन सामग्रियों का इस्तेमाल होता है? सूची मुहैया करवाएं;

च) क्या शौचालयों के साफ सफाई की निगरानी होती है;

छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, यदि हां, तो इसकी निगरानी करने के लिए क्या–क्या तरीका अपनाया जाता है;

ज) क्या शौचालयों की साफ सफाई के उपरांत उनकी निगरानी हेतु फोटो खींचकर अपलोड की जाती है ;

झ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

ञ) यदि हां, तो ये फोटो कहां अपलोड की जाती है?

106. श्री इमरान हुसैन — डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिनांक 20.02.2025 की तिथि में दिल्ली में कितने 'रैन–बसेरे' चल रहे हैं;

ख) विगत पाँच वर्षों में रैन–बसेरों पर कितनी बजट राशि आवंटित तथा कितनी राशि खर्च की गई है; और

ग) विगत पाँच वर्षों में कितने लोगों ने रैन–बसेरों का प्रयोग किया है?



107. श्री कुलदीप कुमार — डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या कोंडली विधानसभा क्षेत्र में डूसिब के शौचालय हैं;

ख) यदि हां, तो कितने हैं, इसकी विस्तृत सूची सौपें;

ग) इन शौचालयों का टेंडर कब किया गया तथा इनका वर्क अवार्ड कब किया गया;

घ) प्रतिदिन इन शौचालयों की कितनी बार सफाई होती है, शौचालयवार सूची मुहैया करवाए;

ङ) इन शौचालयों की सफाई के लिए किन–किन सामग्रियों का इस्तेमाल होता है? सूची मुहैया करवाएं;

च) क्या शौचालयों के साफ–सफाई की निगरानी होती है;

छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, यदि हां, तो इसकी निगरानी करने के लिए क्या–क्या तरीका अपनाया जाता है;

ज) क्या शौचालयों की साफ सफाई के उपरांत उनकी निगरानी हेतु फोटो खींचकर अपलोड की जाती है;

झ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

ञ) यदि हां, तो ये फोटो कहां अपलोड की जाती है?

108. श्री सोम दत्त — डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र (एसी–17) में डूसिब की कई संपत्तियों को विभाग द्वारा सील किया गया है;

ख) यदि हां, तो उन सील संपत्तियों का एड्रेस और सील करने का कारण बताया जाये;

ग) जो डूसिब संपत्तियां सील है, उन्हें डी–सील करने का क्या प्रोसेस है; और

घ) डूसिब प्रॉपर्टी में पेड़ों की छटाई का क्या प्रोसेस है?

109. श्री अशोक गोयल डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पिछले 5 सालों में डूसिब ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में स्थित विभिन्न झुग्गी कलस्टरों में क्या–क्या काम किया गया, पूर्ण विवरण दें;

ख) क्या यह सत्य है कि मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के सभी कलस्टरों की स्थिति बहुत ही दयनीय है; और

ग) पिछले 5 वर्षों में पूरी दिल्ली के झुग्गी कलस्टरों के रख–रखाव एवं विकास के लिए सरकार ने कुल कितने पैसे आवंटित किये और विभाग द्वारा कितने पैसे खर्च किये गये, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र अनुसार वर्षवार विवरण दें?

110. श्री सुरेन्द्र कुमार डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गोकुलपुरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत संजय कालोनी में सुलभ शौचालय में बिजली की व्यवस्था चालू नहीं होने के क्या कारण हैं;

ख) उक्त क्षेत्र में बिजली का कनेक्शन न देने का क्या कारण है; और



ग) इस सुलभ शौचालय में कब तक बिजली के कनेक्शन को चालू कर दिया जायेगा?

111. श्री जितेन्द्र महाजन डूसिब

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या डूसिब अपनी खाली जमीन किराए या लीज पर देता है;

ख) वर्तमान में डूसिब की कितनी जमीन खाली है;

ग) डूसिब द्वारा व्यावसायिक उपयोग के लिए किराये या लीज पर दी गई जमीन की सूची, किरायेदारों या लीज धारकों के नाम और उसमें प्राप्त होने वाले किराये की जानकारी उपलब्ध कराई जाए;

घ) डूसिब ने पिछले 10 साल में कितने नाइट शेल्टर बनाए हैं उनकी सूची उपलब्ध करवाई जाए;

ङ) डूसिब द्वारा बनाए गए नाइट शेल्टर में सुरक्षा के लिए कौन–कौन से इंतजाम किए जाते हैं और संबंधित विभाग किन सुरक्षा मानकों का पालन करता है;

च) क्या डूसिब की ग्रीन बेल्ट पर स्थायी या अस्थायी निर्माण की अनुमति है;

छ) डूसिब द्वारा दी गई जमीन पर स्थापित नियमित एनजीओ, बस्ती विकास केंद्र और नशा मुक्ति केंद्रों की सूची उपलब्ध कराई जाए;

ज) किन–किन मामलों में लीज या किराये के अनुबंध समाप्त होने के बाद विवाद चल रहे हैं, जानकारी प्रदान की जाए;

झ) रोहतास नगर विधानसभा क्षेत्र में डूसिब द्वारा पिछले 5 वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए;

ञ) रैन बसेरो और बस्ती विकास केंद्रों की सूची प्रदान की जाए साथ ही इन्हें संचालित करने वाली एजेंसी अथवा एनजीओ की सूची भी उपलब्ध कराई जाए;

ट) रोहतास नगर विधानसभा क्षेत्र में डूसिब द्वारा प्रस्तावित कार्यों के टेंडर और वर्क आर्डर की कॉपी तथा स्वीकृत धन राशि की जानकारी प्रदान की जाए; और

ठ) रोहतास नगर विधानसभा क्षेत्र में डूसिब द्वारा उपलब्ध कराए गए टॉयलेट ब्लॉक्स की संख्या की जानकारी प्रदान की जाए तथा इन टॉयलेट ब्लॉक्स के निर्माण और रखरखाव के लिए किए गए भुगतान की जानकारी प्रदान की जाए?

112. श्री हरीश खुराना — वित्त

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वर्ष 1993 से अब तक राजकोषीय अधिशेष (Fiscal Surplus) अथवा राजकोषीय घाटे (Fiscal Deficit) के वर्षवार आँकड़े प्रदान करें;

ख) वर्ष 1993 से अब तक राजस्व अधिशेष (Revenue Surplus) तथा राजस्व घाटे (Revenue Deficit) के वर्षवार आँकड़े उपलब्ध कराएँ; और

ग) वर्ष 1993 से अब तक राजकोषीय तथा राजस्व अधिशेष/घाटे के प्रतिशत के आँकड़े उपलब्ध कराएँ?

113. श्री हरीश खुराना — वित्त

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या दिल्ली सरकार ने विगत 11 वर्षों में केंद्र सरकार अथवा किन्हीं अन्य संस्थाओं से कोई ऋण लिया है;



ख) दिल्ली सरकार पर दिनांक 1 अप्रेल 2014 को कितना ऋण था;

ग) आज की तिथि में दिल्ली सरकार पर कितना ऋण है; और

घ) वर्ष 2014 से अब तक दिल्ली सरकार द्वारा केंद्र सरकार व अन्य संस्थाओं से लिए गए ऋणों के वर्षवार आँकड़े प्रदान करें?

114. श्री संजय गोयल — वित्त

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली सरकार के वित विभाग द्वारा 2024–25 में सेक्टर/हेडवाइज कितनी धनराशि जारी की गई; और

ख) वित्तीय वर्ष 2024–25 में सभी सेक्टरों को जारी किये गये पैसे में से फरवरी 2025 तक प्रत्येक माह आवंटित धनराशि का कितना खर्च किया गया;

115. श्री इमरान हुसैन — वित्त

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि वित्त विभाग द्वारा सभी विभागों को एक करोड़ रुपए की राशि खर्च करने से पहले पूर्वानुमति लेने का आदेश जारी किया गया है;

ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

ग) क्या इस आदेश में किसी को पूर्वानुमति लेने से छूट भी दी गई है; और

घ) यदि हाँ तो किस श्रेणी के खर्चों को यह छूट दी गई है और क्यों?

116. श्री कुलदीप कुमार — वित्त

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) जिन एजेंसियों को दिल्ली सरकार से अनुदान प्राप्त होता है, उनकी सूची दें;

ख) पिछले पाँच वर्षों में अनुदान प्राप्त करने वाली प्रत्येक एजेंसी को अनुदान आवंटन हेतु बजट राशि कितनी है;

ग) विगत पाँच वर्षों में आवंटित अनुदान का कितने प्रतिशत वितरित हुआ है; और

घ) विगत पाँच वर्षों में आवंटित अनुदान का कितने प्रतिशत वितरित नहीं हुआ है?

117. सुश्री आतिशी — वित्त

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या वित्त विभाग ने शहरी विकास विभाग तथा दिल्ली जल बोर्ड को नीतियों के निर्धारण हेतु कोई पत्र भेजा था;

ख) यदि हाँ, तो उसकी प्रति दें;

ग) क्या वित्त विभाग ने दिल्ली जल बोर्ड के सामने, नीति–निर्धारण न होने के कारण निधियों को स्वीकृत करने व उन्हें जारी करने के लिए कोई शर्तें रखी थीं;

घ) क्या दिल्ली जल बोर्ड/शहरी विकास विभाग द्वारा, वर्ष 2024–25 में, इन नीतियों का निर्धारण करके वित्त विभाग के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया था;

ड़) यदि हाँ, तो उसका विवरण प्रस्तुत करें;



च) क्या ऐसी जो नीतियाँ प्रस्तुत की गई थीं, उन्हें वित्त विभाग ने स्वीकृति दे दी थी, क्या इन नीतियों के लिए मंत्रीमंडल की स्वीकृति वांछित है, इन नीतियों को स्वीकृत करने के लिए सक्षम प्राधिकारी कौन है;

छ) क्या दिल्ली जल बोर्ड की नीतियों को वित्त विभाग द्वारा वित्तवर्ष 2025–26 के लिए स्वीकृति दे दी गई है; और

ज) क्या सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना वित्त विभाग द्वारा वित्तवर्ष 2025–26 की निधियाँ दिल्ली जल बोर्ड को स्वीकृत/जारी की जा सकती हैं?

118. सुश्री आतिशी — वित्त

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विगत 20 वर्षों (2004 से 2025 तक) के दिल्ली राज्य के कर राजस्व की जानकारी दें;

ख) विगत दस वर्षों में संग्रहित सीजीएसटी, एसजीएसटी, आईजीएसटी व सेस (CESS) का विवरण अलग–अलग प्रदान करें;

ग) विगत दस वर्षों में संग्रहित स्टैंप ड्यूटी से अवगत कराएँ; और

घ) दिनांक 20.02.2025 के बाद से सरकार ने 'कर–संग्रह' राशि में वृद्धि हेतु क्या कदम उठाए हैं?

119. श्री अभय वर्मा — व्यापार एवं कर

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में व्यापार एवं कर विभाग से पंजीकृत व्यापारियों की कुल संख्या कितनी है;

ख) वर्ष 2020–2021, 2021–2022, 2022–2023, 2023–2024 एवं 2024–2025 के दौरान लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र के पंजीकृत व्यापारियों से व्यापार एवं कर विभाग को कुल कितने कर की प्राप्ति हुई;

ग) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में जी.एस.टी. एक्ट के अधीन कुल कितने व्यापारियों के पंजीकरण आवेदन रद्द किये गये और किस–किस कारण से रद्द किये गये, नगर निगम वार्ड अनुसार विवरण दें;

घ) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र के पंजीकृत व्यापारी व्यापार एवं कर विभाग के किस जोन में आते हैं; और

ङ) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत व्यापार एवं कर विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड व्यापारियों की सूची उपलब्ध करवायें?

120. श्री सोम दत्त — वित्त

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली की जनता द्वारा पिछले 5 वित्त वर्षों में केन्द्र सरकार को कुल कितना टैक्स दिया गया, वित्तीय वर्षवार विवरण दिया जाये;

ख) दिल्ली सरकार को पिछले 5 वित्त वर्षों में केन्द्र सरकार से कुल कितना पैसा टैक्स के हिस्से के रूप में मिला, वित्तीय वर्षवार विवरण दिया जाये;

ग) क्या दिल्ली सरकार द्वारा टैक्स कॉन्ट्रिब्यूशन में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिये पिछले 5 वर्षों में कोई पत्र लिखा गया; और

घ) यदि हां, तो उसकी कॉपी उपलब्ध कराई जाये?



121. श्री जितेन्द्र महाजन — व्यापार एवं कर

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दूध या दूध से बने उत्पादों से दिल्ली सरकार को कितना जीएसटी प्राप्त होता है पिछले 10 वर्षों की वर्षवार जानकारी दी जाए;

ख) दिल्ली सरकार को फूलों के व्यापार से कितना जीएसटी प्राप्त होता है पिछले 10 वर्षों की वर्षवार जानकारी प्रदान करें;

ग) दिल्ली में रजिस्टर्ड फूल बेचने वालों की संख्या कितनी है यह संख्या उन सभी फूल बेचने वालों के नाम की सूची के साथ बताई जाए;

घ) पिछले 5 वर्षों में दिल्ली सरकार को इन सभी फूल बेचने वालों से कितना जीएसटी आया है उसका ब्यौरा दिया जाए; और

ङ) दुकानदार द्वारा ऑनलाइन या यूपीआई पेमेंट न लेने पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा सकती है, इनकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए?

122. श्री मोहन सिंह बिष्ट — आबकारी

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि आबकारी नीति को लागू करते समय नियम और कायदे को ताक पर रखते हुए बहुत–सी जगहों पर शराब के ठेके खोल दिए गए थे;

ख) यदि हां, तो जहां पर शराब के ठेके खोले गए वहां पर सरकार द्वारा निर्धारित रोड की चौड़ाई सहित क्या अन्य नियमों को भी ध्यान में रखा गया था;

ग) मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में शराब के ठेके खोलते समय सरकार द्वारा निर्धारित रोड की चौड़ाई सहित क्या अन्य नियमों को भी ध्यान में रखा गया था अथवा नहीं रखा गया था, विवरण दें;

घ) क्या यह भी सत्य है कि उपरोक्त ठेके खोलने से करावल नगर से मुस्तफाबाद की मुख्य सड़क हमेशा जाम की स्थिति में रहती है; और

ङ) यदि हां, तो इस जाम को दूर करने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या–क्या कदम उठाए गए हैं, उसका विवरण दें?

123. श्री संजय गोयल — आबकारी

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में खुली शराब की दुकानों का विवरण दें;

ख) पूजा स्थलों, स्कूलों तथा रिहायशी क्षेत्र (शाहदरा विधानसभा) के अंतर्गत खुली शराब की दुकानों का पूर्ण विवरण दें; और

ग) नियमों की अवहेलना के कारण शराब की दुकान को बंद करने की क्या प्रक्रिया है, विवरण दें?

124. श्री सोम दत्त — आबकारी

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र (एसी–19) में विभाग से लाइसेंस लेकर कुल कितनी दुकानें चल रही हैं, इनके एड्रैस सहित पूर्ण विवरण दें;

ख) विभाग द्वारा पिछले 5 वर्षों में कुल कितनी नई दुकानों को लाइसेंस दिया गया, एड्रैस सहित पूर्ण विवरण दें; और



ग) विभाग द्वारा पिछले 5 वर्षों में कुल कितनी दुकानों के लाइसेंस कैंसिल किये गये, एड्रैस सहित पूर्ण विवरण दें?

125. श्री मोहन सिंह बिष्ट — सूचना एवं प्रसारण

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) सूचना एवं प्रसारण निदेशालय द्वारा प्रकाशित दिल्ली सरकार की कार्यालय डायरेक्ट्री अंतिम बार कब छपी थी;

ख) क्या यह भी सत्य है कि विगत कई वर्षों से दिल्ली सरकार में उसी पुरानी डायरेक्ट्री के साथ काम चलाया जा रहा है; और

ग) यदि हां, तो उसका नया प्रकाशन कब होगा तथा सरकारी कार्यालयों के प्रयोग के लिए कब से उपलब्ध हो जाएगी?

126. श्री अभय वर्मा — सूचना एवं प्रसारण

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वर्ष 2020–2021, 2021–2022, 2022–2023, 2023–2024 एवं 2024–2025 के दौरान दिल्ली सरकार ने अपने प्रचार–प्रसार पर कितना खर्च किया, विस्तृत जानकारी दें;

ख) सूचना एवं प्रचार निदेशालय द्वारा किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दें;

ग) सातवीं विधानसभा के कार्यकाल के दौरान प्रत्येक वर्ष कितने –कितने बजट का आबंटन किया गया; और

घ) इस विभाग में कार्यरत अधिकारियों से संपर्क हेतु विवरण उपलब्ध कराया जाए?

127. श्री जितेन्द्र महाजन — सूचना एवं प्रसारण

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पिछले 10 साल में दिल्ली सरकार ने कितना पैसा मीडिया संस्थानों को विज्ञापन देने में खर्च किया है, संस्थानों के नाम के साथ दिए गए विज्ञापन राशि की सूची उपलब्ध कराई जाए;

ख) दिल्ली सरकार की मीडिया एक्रेडिटेशन कमेटी एवं उसके मेंबर्स की नियुक्ति के क्या मापदंड हैं; और

ग) दिल्ली सरकार कौन–सी मीडिया एक्रेडिटेशन गाइडलाइन के तहत पत्रकारों को मान्यता देती है, इसकी क्या गाइडलाइन है, पूर्ण विवरण दें?

128. श्री मोहन सिंह बिष्ट — निर्वाचन

क्या माननीय निर्वाचन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों के दौरान कुल कितने नये मतदाता पहचान पत्र आवेदित किए गए थे, उनमें से कुल कितने बने तथा कुल कितने पेंडिंग में रहे, उसका विवरण दें; और

ख) उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने मतदाता हैं, उसका पूर्ण विवरण दें?

129. श्री सोम दत्त — निर्वाचन

क्या माननीय निर्वाचन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या दिल्ली विधानसभा चुनाव का सारा खर्चा दिल्ली सरकार द्वारा वहन किया जाता है;



ख) यदि हां तो पिछले विधानसभा चुनाव में कुल कितना पैसा खर्च हुआ;

ग) क्या एमसीडी चुनाव का सारा खर्चा दिल्ली सरकार द्वारा वहन किया जाता है;

घ) यदि हां, तो पिछले एमसीडी चुनाव में कुल कितना खर्च हुआ;

ङ) क्या दिल्ली में गुरूद्वारा चुनाव का सारा खर्चा दिल्ली सरकार द्वारा वहन किया जाता है; और

च) यदि हां, तो पिछले गुरूद्वारा चुनाव में कुल कितना खर्च हुआ?

130. सुश्री आतिशी
श्री इमरान हुसैन — योजना

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2015 से 2025 के बीच रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार के राजस्व प्राप्ति के आँकड़ों से अवगत कराएँ;

ख) वर्ष 2015 से 2025 के बीच रा.रा.क्षे.दिल्ली सरकार के राजस्व अधिशेष के प्रतिशत में आँकड़ों से अवगत कराएँ;

ग) वर्ष 2015 से 2025 के बीच दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय के आँकड़ों से अवगत कराएँ; और

घ) वर्ष 2015 से 2025 के बीच रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार के Debt to GSDP अनुपात के आँकड़े दें?

**रंजीत सिंह**

**सचिव**